जालंधर, बुधवार 20 मार्च 2024
JALANDHAR, LUDHIANA, AMRITSAR, CHANDIGARH
+91 97814 00247



# वंदे भारत 24
भारत के मन की बात

**सुविचार**

दोस्तों की दोस्ती में कोई रूल नहीं होता है, और यह सिखाने के लिए कोई स्कूल नहीं होता है।

@vandebharat24 | vandebharat24news | @vandebharat24news | www.vandebharat24.com

## खालिस्तानी समर्थक अमृतपाल सिंह के खिलाफ पंजाब सरकार का बड़ा एक्शन, NSA की अवधि बढ़ाई गई

**जालंधर ( दीपांशु चोपड़ा ) :** असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद खालिस्तानी समर्थक अमृतपाल सिंह पर पंजाब सरकार ने बड़ा एक्शन लिया है. पंजाब सरकार ने अमृतपाल पर लगे NSA की अवधि को बढ़ा दिया है. सरकार ने हाईकोर्ट में वारिस पंजाब दे के मुखिया अमृतपाल सिंह और अन्य द्वारा दायर याचिका के दौरान कोर्ट में जानकारी दी. इसी के साथ अमृतपाल और उसके साथियों पर नए सिरे से एनएसए के तहत कार्यवाही शुरू की गई. पंजाब सरकार ने अमृतपाल सिंह और उसके साथियों पर जो कार्रवाई की थी उसकी अवधि बढ़ा दी है. बता 'दें वारिस पंजाब दे' का मुखिया अमृतपाल सिंह अपने साथियों के साथ असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद है. अमृतपाल और उसके साथियों की गिरफ्तारी राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (NSA) के तहत की गई थी. पिछले 18 मार्च को अमृतपाल सिंह और उनके साथियों पर NSA लगाया गया था और उन्हें असम की डिब्रूगढ़ जेल में शिफ्ट कर दिया गया था.

किसी भी व्यक्ति पर NSA के तहत कार्रवाई सिर्फ एक साल की अवधि के लिए की जा सकती है. इसलिए एक साल पूरा होने पर पंजाब सरकार द्वारा अब NSA की अवधि को बढ़ा दिया गया है.



### क्यों लगा था NSA

गौरतलब है की बीते साल, 23 फरवरी 2023 को अमृतपाल और उसके संगठन 'वारिस पंजाब दे' से जुड़े लोगों ने अजनाला पुलिस थाने पर हमला कर दिया था. अमृतपाल और उसके समर्थकों के हाथ में तलवार, लाठी-डंडे थे. ये बवाल अमृतपाल के समर्थक लवप्रीत तूफान की रिहाई की मांग को लेकर हुआ था. ये पूरा बवाल आठ घंटे तक चला था. 23 फरवरी की इसी घटना के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया था. इसी मामले में अमृतपाल को पुलिस पकड़ने गई थी. अमृतपाल पर पुलिस ने एनएसए लगा दिया था.

## जालंधर नगर निगम की बड़ी कार्रवाई

# भाजपा नेता की ILLEGAL कॉलोनी सहित दो पर चली डिच

**जालंधर( हर्ष शर्मा ) :** नगर निगम टीम ने अलीपुर में 1 भाजपा नेता की अवैध कालोनी सहित जालंधर एवेन्यू में बन रही अवैध कॉलोनी पर बड़ी कार्रवाई की है जिस दौरान उसे डिच चला डेमोलिश कर दिया गया है। एमटीपी विजय कुमार के आदेश पर एटीपी सुखदेव वशिष्ठ और उनकी टीम ने 2 अवैध कालोनियों पर बुलडोजर चलाया है।

निगम अधिकारियों के मुताबिक अलीपुर व जालंधर एवेन्यू में अवैध कालोनी काटी जा रही थी। जहां कुछ मकान भी बन रहे थे |इसकी शिकायतें भी आ रही थी। आज उक्त दोनों अवैध कालोनी पर निगम टीम ने डिच चलाकर सभी सड़कें और सीवरेज उखाड़ दिए। इन दोनो में से 1 कालोनी भाजपा नेता की बताई जा रही है।



## चुनाव आयोग का एक और एक्शन

# जालंधर के डिप्टी कमिश्नर के तबादले का दिया निर्देश

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** भारतीय निर्वाचन आयोग ने एक शिकायत के आधार पर जालंधर के डिप्टी कमिशनर विशेष सारंगल को तबदील करने के निर्देश दिए हैं। इस सम्बन्धी जारी हुए पत्र में कहा गया है कि उनको मौजूदा पोस्टिंग से हटा कर किसी अन्य जगह तबदील किया जाये, जोकि उनका गृह ज़िला न हो। साथ ही यह भी लिखा गया है कि यह सुनिश्चित किया जाये कि उनको ज़िले से कहीं बाहर लगाया जाये जो कि जालंधर लोक सभा हलके में न हो। जालंधर का नया डिप्टी कमिशनर तैनात करने के लिए निर्वाचन आयोग ने 3 अधिकारियों के पैनल की माँग की है।इसी तरह रोपड़ रेंज के एडीजीपी जसकरन सिंह और बार्डर रेंज के डीआईजी नरिन्दर भार्गव को भी हटाने के निर्देश दिए गए हैं। इन दोनों अधिकारियों को भी मौजूदा जिलों से बाहर लगाने के लिए कहा गया है और यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि नयी तैनाती वाले जिले मौजूदा तैनाती वाले ज़िले या लोक सभा सीट के अधीन न आते हों।उक्त दोनों अधिकारी क्रमवार अप्रैल और जून 2024 में सेवामुक्त हो रहे हैं। दोनों स्थानों पर नये अधिकारियों की तैनाती के लिए आयोग ने 3-3 नामों वाले पैनलों की माँग की है।



## कौन हैं वो बीजेपी नेता, जिन्हें रैली में यादकर पीएम मोदी की आंखों से छलक पड़े आंसू?



**जालंधर( जतिन चौहान ) :** अपने नेता को याद करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज मैं सेलम में हूं. मुझे ऑडिटर रमेश की याद आ रही है. आज सेलम का मेरा वो रमेश नहीं है. रमेश ने पार्टी के लिए दिन-रात मेहनत की. वह हमारी पार्टी के समर्पित नेता थे.

वह एक महान वक्ता और बहुत मेहनती व्यक्ति थे. मैं उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं. पीएम मोदी ने तमिलनाडु भाजपा के पूर्व अध्यक्ष केएन लक्ष्मणन को भी याद किया और कहा कि आपातकाल विरोधी आंदोलन में उनकी भूमिका अविस्मरणीय थी. पीएम ने कहा कि आपातकाल विरोधी आंदोलन में लक्ष्मणन की भूमिका और सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों में भागीदारी को हमेशा याद किया जाएगा. राज्य में बीजेपी के विस्तार में उनका योगदान अविस्मरणीय है. उन्होंने कहा कि उन्होंने राज्य में कई स्कूल भी शुरू किये.



सेलम में ही जुलाई 2013 में ऑडिटर रमेश की हत्या कर दी गई थी. वो राज्य में तब पार्टी के स्टेट जनरल सेक्रेटरी थे. 54 वर्षीय वी रमेश की हत्या मरावानेरी स्थित उनके घर में घुस कर की गई थी. वी रमेश दिन भर आम लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं से मिल कर रात 10 बजे घर पहुंचे थे, जहां हत्यारे पहले से छिपे हुए थे. उनके गर्दन पर वार किया गया था. मौके पर ही उनकी मौत हो गई थी. उससे पहले 'हिन्दू मुन्नानी' संगठन के वेल्लईअप्पन की हत्या हुई थी. ऑडिटर रमेश 1978 से ही आरएसएस से जुड़े हुए थे. उनकी मां ने उनकी हत्या के बाद न्याय की लड़ाई लड़ी. उनकी मां ने बताया था कि कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया गया, जिनमें उनका बेटा भी था. 2014 में चार्जशीट दायर होने के बावजूद ये केस खिंचता रहा, जिस पर 2023 में उन्होंने नाराज़गी भी जताई थी. मद्रास हायकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के रवैया पर नाराजगी जताई थी और केस को जल्द खत्म करने के लिए कहा था.

HAKIM TILAK RAJ KAPOOR HOSPITAL PVT. LTD.
NEAR FOOTBALL CHOWK, JALANDHAR | Call/Whatsapp No. +91-95015-02525



आयुर्वेदिक एवं यूनानी दवाइयों तथा पंचकर्मा द्वारा हर बीमारी के सफल इलाज के लिए मिलें।
Dr. Nuvneet Kapoor
B.A.M.S., M.D (H.T.R.K.)
Ph.: 0181-5092525
Website : www.hakimtilakraj.in

आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से वंदे भारत 24 के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247, 97804-00247



S.T COLLEGE OF NURSING & MEDICAL SCIENCES
Recognized by INC, New Delhi, Affiliated by BFUHS, Faridkot & PNRC, Mohali Approved by Govt. of Punjab.
COURSES OFFERED
ANM 2 Years Diploma
GNM 3 Years Diploma
B.Sc (Nursing) 4 Years Degree
D-Pharmacy (Ay.) 2 Years & 3 Months Diploma
10+1 & 10+2 (P.S.E.B)
V.P.O. Mehlanwali, Una Road, Hoshiarpur Pb.
Contact : +91-62841-11519, +91-99145-82525
www.stnursinginstitute.in

# तालिबान के हमले के बाद अफगानिस्तान में पाकिस्तान का हवाई अटैक, 'रेफरी' बना अमेरिका



**जालंधर (दीपांशु चोपड़ा) :** अमेरिका ने पाकिस्तान से अपने आतंकवाद रोधी अभियान को लेकर सयंम बरतने का आग्रह किया है। इससे कुछ घंटे पहले पाकिस्तान ने कहा था कि उसने अफगानिस्तान में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान से संबद्ध आतंकवादियों के खिलाफ हवाई हमले किए हैं।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन ज्यां-पियरे ने सोमवार को एक प्रेस वार्ता में कहा कि अमेरिका अफगानिस्तान पर शासन करने वाले तालिबान से भी आग्रह करता है कि वह यह सुनिश्चित करे कि अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल आतंकी हमले करने के लिए न किया जाए। पाकिस्तान ने सोमवार को कहा कि पाकिस्तानी अशांत शहरों में हाल में हुए आतंकवादी हमलों के बाद दोनों पड़ोसी देशों में छिड़ी जुबानी जंग के बीच उसने अफगानिस्तान के टीटीपी आतंकवादियों के खिलाफ हवाई हमले किए हैं।

पाकिस्तान के विदेश कार्यालय (एफओ) ने कहा कि टीटीपी के हाफिज़ गुल बहादुर समूह से जुड़े आतंकवादियों पर हमला किया गया है। इस समूह ने शनिवार को सेना की एक चौकी पर हुए हमले की जिम्मेदारी ली थी जिसमें दो अधिकारियों समेत सात सैनिकों की मौत हुई थी। अफगान तालिबान ने कहा कि पाकिस्तान के हवाई हमलों में तीन बच्चों सहित कम से कम आठ आम असैन्य लोग मारे गए हैं। उसने काबुल में पाकिस्तान के दूतावास में प्रभारी राजदूत को तलब कर कड़ा विरोध दर्ज कराया। ज्यां-पियरे ने कहा कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान को अपने मतभेदों को बातचीत के जरिए सुलझाना चाहिए। उन्होंने कहा, 'हम उन खबरों से अवगत हैं, जिनमें कहा गया है कि शनिवार को पाकिस्तान में एक सैन्य चौकी पर हुए हमले के जवाब में पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में हवाई हमले किए। हमें पाकिस्तान में हमले के दौरान जन हानि तथा घायलों के प्रति तथा अफगानिस्तान में हमलों के दौरान असैन्य लोगों की जान जाने पर गहरा अफसोस है।' ज्यां-पियरे ने कहा, 'हम तालिबान से यह सुनिश्चित करने का आग्रह करते हैं कि अफगान धरती से आतंकवादी हमले न किए जाएं। हम पाकिस्तान से संयम बरतने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह करते हैं कि आतंकवाद विरोधी प्रयासों में आम नागरिकों को नुकसान न पहुंचे।' एक अलग संवाददाता सम्मेलन में विदेश विभाग के प्रवक्ता वेदांत पटेल ने भी यही बात कही। पटेल ने यह भी कहा, 'हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि अफगानिस्तान फिर से उन आतंकवादियों के लिए पनाहगाह न बने जो अमेरिका या हमारे साझेदारों और सहयोगियों को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं।

## पूर्व CM चन्नी को धमकी देने वाला गिरफ्तार, पूर्व CM ने उठाए सवाल

**जालंधर (हर्ष शर्मा) :** पूर्व सी.एम. चरणजीत चन्नी को धमकी मिलने के मामले को पुलिस ने सुलझाने का दावा किया है। मिली खबर के अनुसार रोपड़ पुलिस ने आरोपी को काबू कर लिया है। रोपड़ एसएसपी गुलनीत सिंह खुराना ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी की पहचान दीपक श्री संत काबले निवासी महाराष्ट्र के रूप में हुई है।



गौरतलब है कि पंजाब के पूर्व सी.एम. चरणजीत चन्नी को फोन पर 2 करोड़ की फिरौती मांगने व जान से मारने धमकी मिली थी। पुलिस ने इस मामले को सुलझाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी पेशे से अपराधी नहीं है। उसने सिर्फ आसानी से पैसे कमाने के चक्कर में ये सब किया है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने उक्त व्यक्ति को नागपुर से गिरफ्तार कर लिया है। इस दौरान आरोपी के पास से एक लैपटॉप और 2 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। व्यक्ति को कोर्ट में पेश कर 3 दिन की पुलिस रिमांड लेकर गहनता से पूछताछ की जा रही है।

इस बारे में पूर्व मुख्यमंत्री चन्नी ने कहा कि उन्होंने एसएसपी रोपड़ की वीडियो देखी है, जिसमें वे कह रहे हैं कि चन्नी साहब को धमकी देने वाले को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूर्व सी.एम. चन्नी ने कहा कि पुलिस इस गैर-पंजाबी व्यक्ति को नागपुर से लेकर आई है, लेकिन धमकी देने वाले पूरी पंजाबी बोलता था। उन्होंने कहा कि पकड़ा गया व्यक्ति गैर-पंजाबी है और किसी भी तरह से यह धमकी देने वाला नहीं हो सकता और इसमें कोई सच्चाई नहीं है। उन्होंने कहा कि पुलिस और सरकार ने मिलकर ड्रामेबाजी कर रही है। जिस आदमी ने मुझे धमकी दी वह पंजाबी बोल रहा था और एक गैर-पंजाबी आदमी का लहजा कभी पंजाबी नहीं होता। उन्होंने कहा कि इस आदमी ने मुझे धमकी नहीं दी, बल्कि पुलिस ने बिना मतलब उसे पकड़ लिया है।

चरणजीत चन्नी ने कहा कि उक्त शख्स ने किसी अन्य से बात करने के लिए कहा था लेकिन मैंने मना कर दिया। वह समझ गया था कि मेरे पास कुछ नहीं है, जिसके बाद 2-3 दिनों के बाद फोन आना बंद हो गया। इस मौके पर चरणजीत सिंह चन्नी ने पंजाब में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर भी बात की। जब उनसे लोकसभा चुनाव लड़ने के बारे में पूछा गया तो वह इसे टालते नजर आए।

# चीनी वीजा केस में बढ़ीं कार्ति चिदंबरम की मुश्किलें

## कोर्ट का आदेश- 5 अप्रैल को हों पेश

**जालंधर (सूरभि शर्मा) :** चीनी वीजा से मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम को मंगलवार (19 मार्च, 2024) को झटका लगा. दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए कार्ति चिदंबरम और अन्य को समन जारी कर पांच अप्रैल को कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया.



विशेष न्यायाधीश एम. के. नागपाल ने ईडी के दायर चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए आरोपियों को तलब किया. ईडी की चार्जशीट में कार्ति चिदंबरम को आरोपी नंबर 1 बनाया गया है. केंद्रीय जांच एजेंसी ने चार्जशीट में पांच लोगों के साथ-साथ तीन कंपनियों को भी आरोपी बनाया है. इसमें कार्ति चिदंबरम के सीए एस भास्कर रमन और कंपनी एडवांटेज इंडिया भी है.

### मामला क्या है?

ईडी ने 263 चीनी नागरिकों को वीजा जारी करने से संबंधित मामले में मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया था. जब मामला सामने आया तो इस दौरान कार्ति के पिता और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम केंद्रीय गृह मंत्री थे.

### ईडी ने दर्ज किया मामला?

ईडी ने इसी मामले में सीबीआई की दर्ज की गई एक एफआईआर का अध्ययन करने के बाद धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया था.

## अपने दफ्तर में ही 2 लाख रुपए रिश्वत ले रहा था GST का डिप्टी कमिश्नर, विजिलेंस ने रंगे हाथों पकड़ा

**जालंधर (हिमांशु) :** विजिलेंस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जीएसटी के डिप्टी कमिश्नर धनेंद्र कुमार पांडेय को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। मंगलवार शाम को विजिलेंस टीम सेल्स टैक्स मुख्यालय पहुंची और धनेंद्र पांडेय को 2 लाख रुपए लेते गिरफ्तार कर लिया। पांडेय एडम डाटा सर्विसेज से रिश्वत की रकम ले रहे थे। सेल टैक्स ऑफिस में विजिलेंस टीम की दबिश से हड़कंप मच गया। कुछ देर तक तो वहां काम कर रहे अन्य अधिकारी और कर्मचारी तो कुछ समझ ही नहीं पाए कि मामला क्या है, लेकिन बाद में धीरे-धीरे जब कर्मचारियों और अधिकारियों को डिप्टी कमिश्नर धनेंद्र कुमार पांडे की गिरफ्तारी की जानकारी हुई तो सभी सकते में रह गए।






# 'राजकुमार' ने बनाया विपरीत राजयोग, खूब धन कमाएंगे इन 4 राशियों के लोग

बुध को बुद्धि और सोचने, समझने की क्षमता का कारक माना जाता है. ज्योतिष के अनुसार सभी ग्रह अलग-अलग अवधि में राशि परिवर्तन करते हैं. ग्रहों की इस चाल का असर सभी 12 राशियों पर पड़ता है.

ग्रहों के राजकुमार बुध इस समय नीच अवस्था मीन राशि में विराजमान है. इसके साथ ही वे बीते 15 मार्च उदित भी हो चुके हैं. बुध, मीन राशि में विपरीत राजयोग बना रहे हैं.

ज्योतिष के मुताबिक 10 साल बाद मीन राशि में बन रहा यह विपरीत राजयोग कई राशि वालों के लिए काफी शानदार रहने वाला है. इस दौरान ये राशि वाले खूब धन कमाएंगे. इसके साथ ही इन लोगों को अकस्मिक धनलाभ होगा और उन्नति के योग बनेंगे. इस राजयोग का प्रभाव सभी 12 राशियों पर देखने को मिलेगा. वहीं कुछ राशि वाले इस दौरान अच्छे दिन बिताएंगे.

## कैसे होता है विपरीत राजयोग का निर्माण?

विपरीत राजयोग काफी शुभ होता है. जब किसी व्यक्ति की कुंडली के छठवें भाव के स्वामी आठवें या फिर बारहवें भाव में विराजमान हों. इसके अलावा बारहवें भाव के स्वामी छठवें या आठवें भाव में मौजूद हों तो विपरीत राजयोग का निर्माण होता है.

विपरीत राजयोग में त्रिक भाव और इनके स्वामियों की ज्यादा भूमिका होती है. आइए जानते हैं कि मीन राशि में बुध के उदय से बनने वाला विपरीत राजयोग किन राशि वालों के लिए फायदेमंद रहने वाला है.



## मेष राशि

विपरीत राजयोग के निर्माण से मेष राशि वालों के लिए जीवन में काफी अच्छा समय आने वाला है. बुध ग्रह मेष राशि वालों की कुंडली के तीसरे और छठवें भाव स्वामी हैं. ये यहां बारहवें भाव में विपरीत राजयोग का निर्माण करेंगे. इससे इस राशि वालों को बंपर लाभ होगा. इसके साथ ही आपको अकस्मिक धन लाभ भी होगा. आपने जहां पर भी धन निवेश किया है, वहां से आपको बंपर रिटर्न मिलेगा. इस दौरान आपका स्वास्थ्य भी शानदार रहेगा.

नौकरी पेशा वालों के लिए भी समय बेहतरीन रहने वाला है.लव लाइफ भी इस दौरान अच्छी रहेगी. नए लोगों से मित्रता होगी. समाज में मान और प्रतिष्ठा बढ़ेगी.

## सिंह राशि

बुध ग्रह इस राशि के 11वें भाव के स्वामी हैं. ये इस राशि के 8वें भाव में उदित होंगे.

इससे इस राशि वालों को बेहद ही अच्छे परिणाम मिलेंगे. आपको खूब मान और सम्मान मिलेगा. इसके साथ ही आपको लाभ के अवसर मिलेंगे. वर्कप्लेस पर भी आपका प्रभाव बढ़ेगा. परिवार का आपको सपोर्ट मिलेगा. संपत्ति प्राप्ति के योग बन रहे हैं. इसके साथ ही आपको अकूत धन की प्राप्ति होगी. इस दौरान आप धार्मिक स्थलों का यात्राएं कर सकते हैं. व्यापारियों को भी इस दौरान काफी अच्छा लाभ मिलेगा. आपको विदेश जाने का मौका भी मिलेगा.

## वृश्चिक राशि

वृश्चिक राशि वालों के 11वें और 8वें भाव के स्वामी बुध हैं. यह इस राशि के 5वें भाव में उदित होंगे. इस कारण आपको करियर में खूब तरक्की देखने को मिलेगी.

लव लाइफ में जो भी समस्याएं चल रही हैं. उनका अंत होगा. आपके आपसी संबंध अच्छे होंगे. विवाहित लोगों को संतान सुख मिलेगा.

जो विद्यार्थी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, उनको मेहनत करने की आवश्यकता हो सकती है. व्यवसाय में आपको अच्छा मुनाफा होगा. आपकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी. अचानक से लाभ होगा.

## धनु राशि

धनु राशि वालों के 10वें और 7वें भाव के स्वामी बुध हैं. यह इस राशि के चौथे भाव में उदय हो रहे हैं. इस राशि वालों के लिए विपरीत राजयोग काफी शुभ रहने वाला है. इस दौरान आपको वाहन और संपत्ति सुख मिल सकता है.

चल या अचल संपत्ति खरीदने के योग बन सकते हैं. इसके साथ ही आपको सुख-सुविधाओं की प्राप्ति होगी. व्यापारियों को विशेष सफलता मिलेगी. व्यापार के लिए कुछ नए लोगों से आपका संपर्क बढ़ेगा.

# रायबरेली में क्या कांग्रेस बचा पाएगी 20 साल पुराना गढ़? या अमेठी की तरह बीजेपी फहराएगी जीत का परचम!

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** लोकसभा चुनाव 2024 बेहद नजदीक है। पहले चरण की वोटिंग को आज से महज एक महीना बचे हैं। ऐसे में सभी पार्टियों ने अपना गढ़ मजबूत करते हुए कमजोर सीटों पर ध्यान देना शुरू कर दिया है। मगर इस रेस में कांग्रेस काफी पीछे नजर आ रही है। अमेठी हाथ से निकलने के बाद कांग्रेस के पास गढ़ के रूप में सिर्फ रायबरेली बचा था। मगर सोनिया गांधी ने रायबरेली से चुनाव ना लड़ने का फैसला किया, जिसके बाद यूपी की इस सीट पर कई पार्टियों की नजरें जा टिकी हैं।

## रायबरेली से कांग्रेस का रिश्ता

उत्तर प्रदेश के अमेठी और रायबरेली को कांग्रेस का गढ़ कहा जाता था। अमेठी से संजय गांधी और राजीव गांधी ने चुनाव लड़ा, तो रायबरेली से फिरोज गांधी और इंदिरा गांधी ने जीत हासिल की। राजीव गांधी की मौत के बाद सोनिया एक्टिव पॉलिटिक्स का हिस्सा बनीं। लिहाजा अमेठी राहुल गांधी के खाते में गई, तो रायबरेली से सोनिया गांधी संसद के सदन तक पहुंचीं। सोनिया गांधी ने 2004 में रायबरेली से पहला लोकसभा चुनाव लड़ा था और तब से लेकर 2009, 2014 और 2019 में भी सोनिया रायबरेली की सांसद रहीं।

**दो बार जीती बीजेपी :** गांधी परिवार की मौजूदगी में कभी कोई दूसरी पार्टी रायबरेली से नहीं जीत सकी। मगर राजीव गांधी की मौत के बाद सोनिया काफी समय तक राजनीति से दूर रहीं। इसी बीच 1996 और 1998 के आम चुनावों में बीजेपी नेता अशोक सिंह ने रायबरेली से जीत हासिल की थी। मगर सोनिया गांधी की वापसी के बाद से रायबरेली हमेशा कांग्रेस के पास ही रही।




**2019 में छिनी अमेठी :** 2014 के आम चुनावों के दौरान देश में मोदी लहर आई। दिल्ली की गद्दी से बेशक कांग्रेस का पत्ता साफ हो गया। मगर मोदी लहर अमेठी और रायबरेली को नहीं भेद पाई। 2014 का अधूरा काम 2019 में पूरा हुआ।

नतीजतन बीजेपी नेता स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी से अमेठी छीन ली और राहुल ने केरल के वायनाड से खाता खोला। हालांकि रायबरेली हमेशा से सोनिया के पास रही और बीजेपी चाहकर भी कांग्रेस के इस किले को तोड़ ना सकी।

## सोनिया ने छोड़ी सीट

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी पिछले 20 सालों से रायबरेली की गद्दी पर बतौर सांसद काबिज थीं। मगर आगामी लोकसभा चुनावों से पहले ही सोनिया ने रायबरेली को छोड़कर राज्यसभा का रुख कर लिया और रायबरेली की सीट अब खाली हो गई। ऐसे में कई लोगों की नजरें रायबरेली पर हैं। कांग्रेस ने रायबरेली से कोई भी प्रत्याशी नहीं उतारा है। तो वहीं बीजेपी भी रायबरेली से जीतने के लिए किसी मजबूत दावेदार की तलाश में है।

## किसको मिलेगी रायबरेली?

रायबरेली की लोकसभा सीट को लेकर कांग्रेस और बीजेपी दोनों में कांटे की टक्कर है। खबरों की मानें तो सोनिया के बाद कांग्रेस गांधी परिवार के किसी सदस्य या करीबी को ही रायबरेली से टिकट देगी।

वहीं बीजेपी भी कांग्रेस का किला तोड़ने के लिए कोई मजबूत पत्ता जरूर खोलेगी। जाहिर है कांग्रेस अपना गढ़ बचाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। मगर बीजेपी भी अमेठी की तरह रायबरेली को भेदने की पूरी कोशिश करेगी। ऐसे में रायबरेली का रण कौन जीतेगा? इसका फैसला तो 4 जून को ही होगा।

# छात्रा को जिंदा जलाने के बहुचर्चित केस के दोनों आरोपी दोषी करार, इस तारीख को सुनाई जाएगी सजा

**जालंधर ( जतिन चौहान ) :** झारखंड के दुमका में 2022 में 12वीं की छात्रा पर पेट्रोल उड़ेलकर उसे जिंदा जलाने के बहुचर्चित कांड के दोनों आरोपियों शाहरुख हुसैन और मो. नईम अंसारी उर्फ छोटू को जिले की स्पेशल पॉक्सो कोर्ट ने दोषी करार दिया है। 28 मार्च को दोनों की सजा के बिंदु पर सुनवाई होगी।

यह वारदात 23 अगस्त 2022 को दुमका शहर के जरूवाडीह में हुई थी। आरोप है कि 12वीं की नाबालिग छात्रा अपने घर में सोई थी, तब शाहरुख हुसैन व छोटू उर्फ नईम ने खिड़की से उस पर पेट्रोल उड़ेलकर आग लगा दी थी। उसे गंभीर हालत में इलाज के लिए रिम्स रांची ले जाया गया था, जहां उसने दम तोड़ दिया था। उसने अपने फर्द बयान में आरोपियों का नाम लिया था। इनमें से एक आरोपी शाहरूख उस पर जबरन बातचीत करने का दबाव डालता था। इनकार करने पर उसने अपने साथी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था।

इस मामले में स्पीडी ट्रायल में कुल 51 लोगों की गवाही हुई और उसका क्रॉस एग्जामिनेशन किया गया।




# सिद्धू की 6 साल बाद क्रिकेट कॉमेंट्री में वापसी

## IPL के पहले मैच से करेंगे शुरुआत



**जालंधर ( सूरभि शर्मा ) :** कांग्रेस के सीनियर लीडर नवजोत सिंह सिद्धू एक बार फिर क्रिकेट में वापसी करने जा रहे हैं। वह इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2024 में कॉमेंट्री करते नजर आएंगे। शुरुआत 22 मार्च को होने वाले पहले मैच से होगी। स्टार स्पोर्ट्स ने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट डालकर इसकी जानकारी दी। लिखा- 'सरदार ऑफ कॉमेंट्री बॉक्स इज बैक'। सिद्धू ने भी इस ट्वीट को शेयर किया है। सिद्धू शुक्रवार को पंजाब के राज्यपाल बीएल पुरोहित से मिलने के लिए चंडीगढ़ पहुंचे थे। मीडिया से कहा था कि वे इस बार लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। उन्होंने यह बात जरूर कही थी कि क्रिकेट की कॉमेंट्री छोड़ने की वजह से उन्हें फाइनेंशियल नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा था कि मुश्किल समय में किरदार की पहचान होती है।

### 2018 में आखिरी बार कॉमेंट्री की

नवजोत सिंह सिद्धू के पिता सरदार भगवंत सिंह क्रिकेटर थे। वह चाहते थे कि उनका बेटा भी उनकी तरह खिलाड़ी बने। अपने पिता की इस इच्छा को पूरी करने के लिए सिद्धू क्रिकेट में आए। 1983 से 1999 तक टीम इंडिया का हिस्सा रहे। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला टेस्ट मैच खेला। सिद्धू ने कुल 51 टेस्ट मैच और 136 वनडे मैच खेले हैं। टेस्ट में 3,202 और वनडे में 4,413 रन बनाए हैं। करीब 17 साल क्रिकेट की दुनिया में रहने के बाद, 1999 में उन्होंने क्रिकेट से संन्यास ले लिया। क्रिकेट का सफर खत्म होने के बाद उन्होंने कॉमेंट्री में भी हाथ आजमाया। सिद्धू ने आखिरी बार IPL 2018 में कॉमेंट्री की थी। पंजाब सरकार में मंत्री बनने के बाद वह कॉमेंट्री पैनल से बाहर हो गए। इसके बाद उन्होंने अपने सारे टीवी शो भी छोड़ दिए थे।

### कॉमेंट्री में लौटने की वजह क्या?

पॉलिटिकल एक्सपर्ट कहते हैं कि सिद्धू कांग्रेस में बिल्कुल अलग पड़ गए थे। पंजाब प्रदेश कांग्रेस में उन्हें कोई तवज्जो नहीं दी जा रही थी। वह करीब 2 महीने से पार्टी से बिल्कुल अलग चल रहे थे। वहीं पार्टी हाईकमान में उनकी पैठ कमजोर पड़ रही थी। लोकसभा चुनाव न लड़ने का ऐलान वह पहले ही कर चुके है, विधानसभा चुनावों में भी अभी 3 साल का समय है। ऐसे में सिद्धू ने दोबारा टीवी की दुनिया में जाने की राह चुनी है।

### 22 मार्च से शुरू होगा धूमधड़ाका

IPL का 17वां सीजन 22 मार्च से शुरू होने जा रहा है। डिफेंडिंग चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) के बीच चेन्नई में पहला मैच खेला जाएगा। लोकसभा चुनाव के कारण टूर्नामेंट के शुरुआती 21 मैचों का ही शेड्यूल जारी हुआ है।

# अमित शाह से मिलने पहुंचे राज ठाकरे, निजी होटल में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव से भी की मुलाकात



**जालंधर ( हिमांशु ) :** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के नेता राज ठाकरे ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। यह मुलाकात इस बात का संकेत है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव में अपने गठबंधन को मजबूत करने के लिए राज ठाकरे के साथ गठबंधन की इच्छुक है। ठाकरे सोमवार को यहां पहुंचे और जब वह शाह से मिले तब भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावडे भी मौजूद थे। अगर गठबंधन हो जाता है तो मनसे को मुंबई में एक सीट दी जा सकती है जहां उनके चचेरे भाई उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाले शिवसेना के गुट का कुछ प्रभाव है। जब शिवसेना एकजुट थी तब राज ठाकरे ने इससे नाता तोड़ लिया था। बाद में शिवसेना की अगुवाई उद्धव ठाकरे ने की। राज ठाकरे के अच्छा वक्ता होने के बावजूद उनकी मनसे खासा प्रभाव नहीं डाल सकी। राज ठाकरे की ओर से उत्तर भारतीयों को लेकर अतीत में दिए गए विवादित बयानों की भाजपा समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने तीखी आलोचना की थी।

# अरविंद केजरीवाल ने खटखटाया हाईकोर्ट का दरवाजा, ईडी के समन को दी चुनौती



**जालंधर ( सूरभि शर्मा ) :** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से जारी किए गए 9 समन के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। दिल्ली हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच कल इस मामले की सुनवाई करेगी। अरविंद केजरीवाल ने हाईकोर्ट में याचिका डालकर ईडी द्वारा भेजे गए सभी समन को गैरकानूनी बताया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को केंद्रीय एजेंसी ने पहला समन 2 नवंबर 2023 को भेजा था लेकिन वह पेश नहीं हुए। इसके बाद एजेंसी ने उन्हें 21 नवंबर, 3 जनवरी, 18 जनवरी, 2 फरवरी, 19 फरवरी, 26 फरवरी, 4 मार्च और 17 मार्च को समन भेजा था। सीएम केजरीवाल किसी भी समन पर पेश नहीं हुए और केंद्र सरकार पर एजेंसी के गलत इस्तेमाल का आरोप लगाया।







